# पुनरावृत्ति के प्रश्न

32KJ5H

## नीचे दी गई कहानी को पढ़ो –

एक आदमी किसी गाँव में पहली बार आया था। गाँव में तीन रास्ते थे। उसने एक लड़के से पूछा, "क्यों भाई, वकील साहब के घर को कौन–सा रास्ता जाता है?"

लड़के को मजाक सूझा उसने कहा, "इन तीनों में से कोई भी रास्ता नहीं जाता।"

"तो कौन–सा रास्ता जाता है?"

"कोई नहीं।"

"क्या कहते हो बेटे? वकील साहब इसी गाँव में रहते हैं न?"

"हाँ, रहते तो इसी गाँव में हैं।"

"तो कोई रास्ता तो उनके घर तक जाता होगा?"

आदमी ने हैरान होकर पूछा।

लड़के ने उत्तर दिया, "यह सड़क और रास्ते यहीं रहते हैं। ये कहीं नहीं जाते। ये बेचारे तो बोल ही नहीं सकते, लेकिन मैं आपको वह रास्ता बता सकता हूँ, जिस पर चलकर आप वकील साहब के घर तक पहुँच जाएँगे।

लड़के की बात सुनकर आदमी भी हँस दिया और बोला, "तुमने सही कहा बेटा, अगली बार मैं सोच–समझकर सवाल पूछूँगा।"

## प्रश्न 1. नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तरों पर घेरा बनाओ –

**1. आदमी को कहाँ जाना था?**

क. लड़के के घर में

ख. वकील के घर में

ग. गाँव में

घ. रास्ते में

**2. लड़के की बात सुनकर आदमी क्यों हँस दिया?**

क. वह उलझ गया था।

ख. उसे अपने सवाल की कमी समझ में आ गई थी।

ग. उसे सही रास्ते का पता चल गया था।

घ. उसे लगा लड़का चुटकुला सुना रहा है।

**3. दिए गए अनुच्छेद में प्रयुक्त इनमें से कौन–सा शब्द संज्ञा नहीं है?**

क. वकील

ख. आदमी

ग. गाँव

घ. वह

**4. आदमी ने हैरान होकर क्या पूछा?**

क. वकील साहब के घर को कौन–सा रास्ता जाता है?

ख. वकील साहब इसी गाँव में रहते हैं न?

ग. कोई रास्ता तो उनके घर तक जाता होगा?

घ. तो कौन–सा रास्ता जाता है?

**5. इस कहानी को पढ़कर पता चलता है कि –**

क. वह आदमी मजाकिया था

ख. वह आदमी उस गाँव से अपरिचित था

ग. वह आदमी मूर्ख था

घ. वह आदमी लड़के को मूर्ख समझ रहा था

## प्रश्न 2. चित्र को देखकर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर घेरा लगाओ –




1. **इस पंक्ति को पूरा कीजिए:** आओ एक अनमोनल जीवन का ..................................।

**2. इस विज्ञापन का उद्देश्य क्या है?**

क. खून का महत्व बताना

ख. रक्तदान के लिए प्रेरित करना

ग. जीवन की रक्षा करना

घ. बैंकों का प्रचार करना

**3. "आपके खून की प्रत्येक बूँद मूल्यवाद है" इस वाक्य में 'मूल्यवान' की जगह कौन–सा शब्द आ सकता है?**

क. बहुमूल्य

ख. अमूल्य

ग. मूल्यहीन

घ. सामान्य

**4. टोल फ्री नंबर 1097 अथवा 1051 पर कॉल करने के लिए क्यों कहा जाता है?**

क. रक्तदान के बारे में जानकारी ले सकेंगे

ख. फ्री में फोन कर सकेंगे।

ग. रक्तदान कर सकेंगे

घ. मुसीबत से अपने जीवन की रक्षा कर सकेंगे

**5. रक्तदान का अर्थ क्या है?**

क. खून माँगना

ख. खून देना

ग. रूपय का माँगना

घ. रूपयों का देना

**प्रश्न 3. तुम कभी पिकनिक पर जरूर गए होगे। उसके बारे में लिखो।**

**प्रश्न 4. दीपावली की रात्रि में लागे दिये जलाकर अपने घरों में उजाला करते हैं। दियों के अलावा लोग और किन–किन चीजों से अपने घरों में रोशनी करते हैं?**

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–

क. किसी पक्षी के लिए पिंजरे का जीवन दुखदाई क्यों होता है ?

ख. वह कौन–सा थाल है जो मोतियों से भरा है?

ग. कवि ने किताबों के संसार को बड़ा क्यों बताया है?

घ. टेलीफोन के संबंध में अँग्रेजों ने जगदीश चंद्र बोस के प्रति क्या छल किया?

ङ. अली और हसन में झगड़ा किस बात पर उठा?

**प्रश्न 6. नीचे लिखी पंक्तियों के अर्थ लिखो–**

क. चार दिनों में ही वह मैना
अंदर तड़प रही थी।
उड़ने को अकाश में ऊँचे
तबीयत फड़क रही थी।

ख. किताबें कुछ कहना चाहती हैं
तुम्हारे पास रहना चाहती हैं
किताबों में चिड़ियाँ चहचहाती हैं
किताबों में खेतियाँ लहलहाती हैं।

**प्रश्न 7. कविता की उन पंक्तियों को लिखो–**

क. जिनमें मैना ने अपनी जान के लिए खतरे बताए हैं।

ख. जिनमें किताबों के संसार को बड़ा और किताबों को ज्ञान का भंडार बताया गया है।

**प्रश्न 8. तीन पुल्लिंग और तीन स्त्रीलिंग शब्द लिखो जिनके लिंग नहीं बदलते।**

**प्रश्न 9. नीचे लिखे शब्दों को खड़ी बोली हिन्दी रूप में लिखो।**

पूत, ठाँव, थोरी, बसती।

**प्रश्न 10. सही जोड़ियाँ मिलाओ–**

| | | |
|---|---|---|
| किताबें | – | दुख |
| कोन्हों | – | ठौर |
| जमाना | – | कथा |
| ओखरे | – | क्षण |
| गम | – | पुस्तकें |
| ठउर | – | कोई |
| किस्सा | – | युग |
| छिन | – | उसका |

प्रश्न 11. निम्नलिखित क्रियाओं से भाववाचक संज्ञाएँ बनाओ–

हँसना, बोलना, चलना, कूदना, लिखना।

प्रश्न 12. नीचे दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखो और वाक्यों में प्रयोग करो–

क. बाज आना।

ख. हैरान कर देना।

ग. सुन्न पड़ जाना।

घ. भनक लग जाना।

प्रश्न 13. नीचे लिखे वाक्यों को उनके सम्मुख दर्शाए वाक्यों में बदलो–

क. उतारो लकड़ी। (आदरसूचक वाक्य में)

ख. दुकान से उतरकर गधे के पास जाता है। (भूतकाल में)

ग. उसने काठी उतार ली। (प्रश्नवाचक वाक्य में)

घ. अली, हसन को लकड़ी से मारता है। (भविष्यत् काल में)

प्रश्न 14. अपने घर को साफ–सुथरा रखने के लिए तुम क्या–क्या करते/करती हो? दस वाक्यों में लिखो।

# संस्कृत

## वासराः

32UF75

रविवासरः – रविवार



सोमवासरः – सोमवार



मङ्गलवासरः (भौमवासरः) – मङ्गलवार



बुधवासरः – बुधवार



गुरुवासरः (बृहस्पतिवासरः) – गुरूवार



शुक्रवासरः (भार्गववारः) – शुक्रवार





शनिवासरः (शनैश्चरवारः) – शनिवार




# शरीरस्य अङ्गानि

334B8S






















# पशवः

| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| धेनुः (गौः)<br>33D7AF | – | गाय |  |
| गजः (हस्ती) | – | हाथी |  |
| वानरः (कपिः) | – | बन्दर |  |
| मार्जारः (बिडालः) | – | बिलाव |  |
| शुनकः (कुक्कुरः) | – | कुत्ता |  |


| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| अश्वः (घोटकः) | – | घोड़ा |  |
| अजा (बर्करी) | – | बकरी |  |
| सिंहः | – | सिंह |  |
| गर्दभः | – | गधा |  |
| उष्ट्रः | – | ऊँट |  |

| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| व्याघ्रः | – | बाघ |  |
| मूषकः | – | चूहा |  |
| भल्लूकः | – | भालू |  |
| महिषः | – | भैंसा |  |
| शृगालः (क्रोष्ठा) | – | सियार |  |

| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| हरिणः | – | हिरण |  |
| वृषभः | – | बैल |  |
| शशः (शशकः) | – | खरगोश |  |
| नकुलः | – | नेवला |  |
| कूर्मः | – | कछुआ |  |

# गृहवस्तूनां नामानि






| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| गृहम् | – | घर |  |
| द्वारम् | – | द्वार |  |
| वातायनम् (गवाक्षः) | – | खिड़की |  |
| व्यजनम् | – | पंखा |  |
| आसन्दः | – | कुर्सी |  |




| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| सुखासन्दः | – | सोफा |  |
| कटः | – | चटाई |  |
| उत्पीठिका | – | टेबल |  |
| साटिका | – | साड़ी |  |
| करवस्त्रम् | – | रूमाल |  |

| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| पादकोशः | – | मोजा |  |
| पादत्राणम् | – | चप्पल |  |
| धौतवस्त्रम् | – | धोती |  |
| पर्यङ्कः | – | पलङ्ग |  |
| कर्तरी | – | कैंची |  |

| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| विद्युद्दीपः | – | बिजली का बल्ब |  |
| स्यूतः | – | थैला |  |
| घटीयन्त्रम् | – | घड़ी |  |
| पुस्तकम् | – | पुस्तक |  |
| लेखनी (कलमः) | – | कलम |  |

# समयाः

| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| एकवादनम् | – | एक बजे |  |
| 33VYDQ | | | |
| द्विवादनम् | – | दो बजे |  |
| पञ्चवादनम् | – | पांच बजे |  |
| अष्टवादनम् | – | आठ बजे |  |
| दशवादनम् | – | दस बजे |  |

| संस्कृत | | हिंदी | चित्र |
|---|---|---|---|
| द्वादशवादनम् | – | बारह बजे |  |
| सार्धसप्तवादनम् | – | साढ़े सात बजे (7.30) |  |
| सपादपञ्चवादनम् | – | सवा पाँच बजे (5.15) |  |
| पादोननववादनम् | – | पौने नौ बजे (8.45) |  |

**विशेषः–**

1) पाद का अर्थ 1/4 भाग होता है
2) स = सहित और 'उन' का अर्थ होता है कम।
3) पांच बजे में सपाद अर्थात 1/4 भाग सहित/अधिक है।
4) नव बजे में उन अर्थात कम, पादोन में 1/4 भाग कम है।